825. राजस्थान के कृपालसिंह शेखावत ने उनके किस क्षेत्र में योगदान के लिए 1974 में पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त किया?

(a) हाँथी दाँत कार्य (b) ब्लू पॉटरी
(c) लाख कार्य (d) साहित्य

कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल)-2020
कृषि पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा-2018
कनिष्ठ वैज्ञानिक, सहायक (विष)-2019

Ans. (b) – राजस्थान के कृपाल सिंह शेखावत को वर्ष 1974 ई. में पद्मश्री पुरस्कार से भारत सरकार द्वारा सम्मानित किया गया। उन्हें यह पुरस्कार ''ब्लू पाटरी'' की कला को पुनर्जीवित करने के लिए महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रदान किया गया। साथ ही 2002 में उन्हें भारत सरकार द्वारा ''शिल्प गुरु'' की उपाधि भी दी गई। उन्होंने राजस्थान ललित कला अकादमी और कई अन्य महत्वपूर्ण पदों के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया।

826. निम्नलिखित में से कौन डाबी में शहीद हुआ?

(a) रूपाजी (b) काली बाई
(c) नयनूराम (d) नानक भील

कनिष्ठ अभियन्ता (यांत्रिक) (डिप्लोमाधारक)-2020

Ans. (d) – बूँदी (बरड़) में किसान लगान की ऊँची दरों, बेगार व लाग-बाग जैसी प्रथाओं से पीड़ित थे। अतः इन सबसे विरूद्ध पं. नयनूराम शर्मा के नेतृत्व में आन्दोलन प्रारम्भ किया गया। नानक भील व देवीलाल गूर्जर ने भी इस आन्दोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसमें नानक भील 'डावी' में झण्डा गीत गाते-गाते पुलिस की बर्बर कार्यवाही में शहीद हो गये।

827. ....राजस्थान की प्रसिद्ध कबड्डी खिलाड़ी है जिसे महाराणा प्रताप पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

(a) नीतिका जडेजा (b) सीमा सोनी
(c) कविता पाराशर (d) रेखा आचार्य

कनिष्ठ अनुदेशक (मैकेनिक डीजल इंजन)-2018

Ans. (b) – महाराणा प्रताप पुरस्कार राज्य के सर्वोत्तम खेल पुरस्कार है जिन्हे अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले चयनित खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को प्रदान किया जाता है। इसकी शुरूआत 1982-83 में की गयी थी। कबड्डी खिलाड़ी श्रीमती सीमा सोनी को 1988 में महाराणा प्रातप पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

828. राजस्थान की किस सुपरिचित महिला ने कहा कि ''बिना आर्थिक मजबूती के राजनीतिक स्वतंत्रता का कोई अर्थ नहीं''?

(a) रतनदेवी शास्त्री (b) कमला स्वाधीन
(c) शान्ति त्रिवेदी (d) कल्याणी पाराशर

कनिष्ठ अनुदेशक (मैकेनिक डीजल इंजन)-2018

Ans. (c) – शान्ति त्रिवेदी ने कहा '' बिना आर्थिक मजबूती के राजनीतिक स्वतंत्रता का कोई अर्थ नही है।'' राजनीतिक स्वतंत्रता लोकतांत्रिक समाजों की महत्वपूर्ण विशेषता होती है। स्वतंत्रता सेनानी शांति त्रिवेदी का आजादी के आन्दोलन में महत्वपूर्ण योगदान रहा। उदयपुर में महिला शिक्षा के लिए 'राजस्थान महिला परिषद' की स्थापना की।

829. निम्न में से कौन बागड़ के गाँधी के नाम से प्रसिद्ध है?

(a) अर्जुनलाल सेठी (b) माणिक्यलाल वर्मा
(c) भोगीलाल पाण्ड्या (d) रामनारायण चौधरी

Economic Investigator (उद्योग विभाग)-2018
कनिष्ठ अनुदेशक (मैकेनिक डीजल इंजन)-2018
RPSC RAS/RTS-2006-07

Ans. (c) – 'बागड़ के गाँधी' भोगीलाल पांड्या का जन्म 15 मार्च-1904 में हुआ था। इन्होंने अपने जीवन काल में ऐसे राजतंत्र के खिलाफ लड़ाई लड़ी, जहाँ शिक्षा प्राप्त करना कानूनन अपराध था व शिक्षा का प्रचार करने वालों को राजद्रोही समझा जाता था। शिक्षा की दशा देख 1919 ई0 में मात्र 15 वर्ष की अवस्था में ही डूँगरपुर में एक विद्यालय प्रारम्भ कर दिया।

830. 1905 में जयपुर में वर्धमान पाठशाला की स्थापना किसने करी?

(a) मेजर शैतान सिंह (b) गुलाबचन्द कासलीवाल
(c) मास्टर भोलेनाथ (d) अर्जुनलाल सेठी

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (विष)-2019

Ans. (d) प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी अर्जुन लाल सेठी ने वर्ष 1905 में वर्धमान पाठशाला की स्थापना जयपुर में की थी। असहयोग आन्दोलन एवं सत्याग्रह आन्दोलन में इन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, तथा इनका निधन 23 दिसम्बर-1945 को अजमेर में हुआ।

831. निम्न में से किस महिला को राज्य चुनाव विभाग की ब्राण्ड एम्बेसडर (2012) नियुक्त किया गया?

(a) भाग्यलक्ष्मी (b) कृष्ण पूनिया
(c) स्नेहा शेखावत (d) चम्पा कंवर

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (प्रलेख)-2019

Ans. (b) – कृष्णा पूनिया राजस्थान के जयपुर की रहने वाली प्रसिद्ध डिस्कस थ्रोअर खिलाड़ी हैं। इनका जन्म हरियाणा के हिसार जिले में हुआ था। इन्होंने 2010 में दिल्ली में आयोजित राष्ट्रमण्डल खेल में स्वर्ण पदक एवं 2006 व 2010 के एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता है। 2011 में राजस्थान चुनाव आयोग ने इन्हें अपना ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया था।

832. सिद्धराज ढडढ़ा कौन थे?

(a) जैन विद्वान
(b) कूटनीतिज्ञ
(c) शिक्षाशास्त्री
(d) गांधीवादी एवं सर्वोदयी नेता

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (सीरम)-2019

Ans. (d) – सिद्धराज ढडढ़ा राजस्थान के गांधीवादी एवं सर्वोदयी नेता थे। इनका जन्म जयपुर (1909 ई.) में हुआ था। प्रारम्भिक शिक्षा जयपुर से प्राप्त की तथा उच्च शिक्षा लखनऊ और इलाहाबाद विश्वविद्यालय से पूरी की। यही पर वे कांग्रेस से जुड़ गये। संयुक्त राजस्थान के निर्माण के बाद सिंह राज ढ़डढ़ा हीरालाल शास्त्री मंत्रिमण्डल में उद्योग मंत्री रहे।

833. राजेन्द्रसिंह निम्नलिखित में से किस संस्थान के संस्थापक हैं?

(a) जल भागीरथ
(b) तरुण भारत संघ
(c) अरग्याम
(d) आई.आई.एच. एम. आर.

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (जैविक) -2019